



# स्टेडियम में पहले दिन दर्शकों को मिलेगा फुटबॉल का उत्सव

## मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका से टूर्नामेंट की शुरुआत

### कोरिया रिपब्लिक और चेकिया की पहली भिड़ंत

**मेक्सिको सिटी / ज़ैपोपान, 11 जून. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा एडिशन शुक्रवार तड़के शुरू हो गया, जिसमें कुल 104 मैच और 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं. ओपनिंग मुकाबला ग्रुप ए में सह-मेजबान मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच मेक्सिको सिटी स्टेडियम में खेला गया.**

यह मैच 2010 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मुकाबले की यादें ताजा कर रहा था, जब ये दोनों टीमें पहली बार ग्लोबल स्टेज पर आमने-सामने आई थीं.

मेजबान मेक्सिको कोच जेवियर एगुइरे की अगुवाई में अपनी घरेलू धरती पर बड़े उत्साह के साथ उतरी. एगुइरे ने इसे 'जीवन में एक बार आने वाला भावनात्मक पल' बताया. दक्षिण अफ्रीका के कोच ह्यूगो ब्रूस ने मेक्सिको को ग्रुप की सबसे मजबूत टीम मानते हुए कहा कि उनकी टीम पूरे 90 मिनट के लिए तैयार है.



> मेक्सिको सिटी स्टेडियम 1970 और 1986 में फ़ाइनल मैचों की मेज़बानी कर चुका है, जबकि गुआडालाजारा स्टेडियम अपनी कटोरे जैसी संरचना के लिए मशहूर है. इस ओपनिंग डे के मुकाबले ग्रुप स्टेज की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे. टूर्नामेंट में कुल 5 अरब से ज्यादा दर्शक रोमांचक फुटबॉल का लुत्फ़ उठाएंगे. मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ कोरिया रिपब्लिक और चेकिया भी अपने अभियान की शुरुआत जीरो पॉइंट्स से कर रहे हैं. यह दिन खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए फुटबॉल का एक भव्य उत्सव साबित होने जा रहा है

मिडफील्डर टेबोहो मोकोएना ने मैच के महत्व और उत्साह पर जोर दिया. उसी समय, ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में कोरिया रिपब्लिक का सामना चेकिया से गुआडालाजारा स्टेडियम में हुआ. यह दोनों टीमों की पहली भिड़ंत थी. कोरिया लगातार 11वीं बार वर्ल्ड कप में भाग ले रही है, जबकि चेकिया 20 साल के अंतराल के बाद ग्लोबल स्टेज पर लौट रही है. कोच होंग म्युंगबो की देखरेख में कोरिया ने स्ट्रैटेजिक तैयारी पूरी कर ली है, वहीं चेकिया के कोच मिरोस्लाव कौबेक ने पैट्रिक शिक और एडम ह्लोज़ेक जैसे खिलाड़ियों पर अपनी उम्मीदें जताई. स्टेडियम की ऐतिहासिकता और पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेज़बानी इसे और भी खास बनाती है.


---

### एक नजर में



#### सिंधु और तन्वी शर्मा क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**सिडनी, 11 जून.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने गुरुवार को अपने ही देश की खिलाड़ियों को हराकर ऑस्ट्रेलियान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर-फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें नंबर पर मौजूद पीवी सिंधु ने अपनी जूनियर साथी और दुनिया की 39वें नंबर की खिलाड़ी इशरानी बरुआ को 42 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने पहले गेम में इशरानी बरुआ से कड़ी टक्कर का सामना किया, लेकिन दूसरे गेम में दबदबा बनाते हुए क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।



#### ओडिशा ने की 12 खेलों के लिए 25 कोचों की भर्ती

**भुवनेश्वर, 11 जून.** ओडिशा ने अपने खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते 12 खेलों के लिए 25 कोचों की भर्ती की है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह भर्ती अभियान खेल विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि ओडिशा में कोचों की पिछली नियुक्ति 2016 में, यानी लगभग एक दशक पहले हुई थी. राज्य सरकार ने 16 खेलों में कोच के 38 खाली पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी. एक व्यापक चयन प्रक्रिया के बाद, अब तक 25 कोचों की नियुक्ति की गई है. खास बात यह है कि नए भर्ती हुए कोचों में नौ महिला कोच भी शामिल हैं, जो राज्य के खेल कोचिंग ढांचे में ज़्यादा समावेशिता और जेंडर प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने पर सरकार के ज़ोर को दर्शाता है.




#### एएफआई भारतीय एथलीटों को करेगा सम्मानित

**नयी दिल्ली, 11 जून.** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) 20 जून को दिल्ली में भारतीय एथलीटों को विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कारों से सम्मानित करेगा. इंडियन एथलेटिक पुरस्कार के पहले संस्करण पूर्व एथलीटों, कोचों, टेक्निकल अधिकारियों, मेंटर्स, राज्य संघों, प्रायोजकों और वैश्विक एथलेटिक्स मंच पर भारत की बढ़ती सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को सम्मानि किया जायेगा. ऐसी पहल भारतीय एथलीटों, खासकर युवा और उभरती प्रतिभाओं का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगी, साथ ही खेल के क्षेत्र में पहचान और प्रेरणा का एक मज़बूत कल्चर बनाने में भी मदद करेंगी. इस समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स, सर्वश्रेष्ठ एथलीट, सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ टेक्निकल अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और एथलेटिक्स को सपोर्ट करने वाला सर्वश्रेष्ठ राज्य सहित कुल 10 श्रेणी में पुरस्कार दिये जायेंगे.

---

# विश्व कप में चलेगा गेंदबाजों का जादू, आज से आगाज

**12** टीम खेलेंगी महिला टी20 विश्व कप में

**05** स्टार गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें




**नई दिल्ली, 11 जून. महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से इंग्लैंड में होने जा रहा है और इसके साथ ही दुनिया की सबसे मजबूत महिला क्रिकेट टीमों के बीच खिताब की जंग शुरू हो जाएगी. इस बार टूर्नामेंट पहले से कहीं ज्यादा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है, जहां बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों की भूमिका निर्णायक साबित हो सकती है. 12 टीमों के इस सबसे बड़े विश्व कप में कई ऐसे नाम शामिल हैं, जो अकेले अपने दम पर मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं.**

ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड इस सूची में सबसे आगे हैं, जिन्होंने पिछले विश्व कप में 15 विकेट लेकर अपनी टीम को खिताब तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी. उनकी तेज गेंदबाजी के साथ ऑलराउंड क्षमता उन्हें और खतरनाक बनाती है. वहीं इंग्लैंड की चार्ली डीन अपनी सटीक ऑफ स्पिन और किफायती गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं, जो मध्य ओवरों में विपक्षी टीम की रनगति को रोकने में माहिर हैं.

#### भारत के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक

इस बार का विश्व कप इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप है. आयरलैंड और नीदरलैंड जैसी नई टीमें भी इस मंच पर उतर रही हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है. ऑस्ट्रेलिया भले ही अब तक छह खिताब जीत चुका हो, लेकिन इस बार हालात पहले जैसे आसान नहीं हैं. भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें मजबूत तैयारी के साथ मैदान में उतर रही हैं. भारत के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक मौका है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम इंडिया लंबे समय से अपने पहले आईसीसी टी20 खिताब की तलाश में है. दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ जैसे गेंदबाजों के साथ टीम का संतुलन मजबूत नजर आता है. वहीं बल्लेबाजी क्रम भी अनुभव और युवा जोश का मिश्रण है. टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड और श्रीलंका के मुकाबले से होगी, लेकिन असली नजरें भारत के प्रदर्शन पर रहेंगी.

भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा एक बार फिर सबसे बड़ा हथियार बनकर उभर सकती हैं. 144 टी20 मैचों में 64 विकेट लेने वाली दीप्ति बड़े मैचों में अपनी उपयोगिता साबित कर चुकी हैं. उनकी स्पिन गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों टीम के लिए संतुलन बनाती है. न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर अपनी लेग स्पिन और ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण किसी भी मैच को बदलने का माद्दा रखती हैं. वहीं दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल अपनी रफ्तार और स्विंग से शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए जानी जाती हैं.

---

## भोपाल वुल्स रॉयल निमार ईगल्स के खिलाफ शानदार जीत

**इंदौर, 11 जून. भोपाल वुल्स ने इंदौर के डेली कॉलेज में रॉयल निमार ईगल्स पर 6 विकेट से जीत के साथ आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपनी महिला प्रतियोगिता का समापन किया.**

भोपाल वुल्स के खिलाफ रॉयल निमार ईगल्स की टीम अपने 20 ओवरों में 114/8 रन ही बना सकी. इसका श्रेय हंसिखा किरार, आयुषी शुक्ला और प्रियंका कौशल की अनुशासित गेंदबाजी को जाता है, जिन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को कभी भी खेल पर हावी नहीं होने दिया. ईगल्स को शुरुआती झटका तब लगा जब हर्षिता सिंह 20 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हो गईं. उनके विकेट के बाद टीम लड़खड़ा गई और आठवें ओवर तक स्कोर 29/3 हो गया. पारी को संभालने की कोशिश में, सोनिया सिंह और लक्षिता माहेश्वरी ने चौथे विकेट के लिए 36 रनों की अहम साझेदारी की, जिसके बाद सोनिया 28 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गईं. इसके बाद माहेश्वरी को कप्तान निकिता सिंह का साथ मिला और दोनों ने पारी को स्थिर करने के लिए 30 रन और जोड़े.

---

## रोहित ने किया अभ्यास

### किशन और रेड्डी ने अभ्यास सत्र में किया प्रभावित

**मोहाली, 11 जून. बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) से फ़िट घोषित होने के बाद रोहित शर्मा ने भारतीय वनडे टीम के साथ मोहाली के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया. भारतीय टीम गुरुवार को धर्मशाला रवाना होगी, जहां उन्हें शनिवार को अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ का पहला वनडे खेलना है.**

बुधवार शाम जब रोहित, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के मोहाली स्टेडियम में पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के अपने पूर्व साथी ईशान किशन के साथ हल्की दौड़ लगाई. थोड़ा सा वार्मअप करने के बाद वह, किशन और भारतीय टी20 के नए कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाज़ी नेट्स में पहुंच गए.



---

## अनमोल के शतक से आउटर दिल्ली वॉरियर्स सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली, 11 जून. आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए एल.बी. शास्त्री कोचिंग सेंटर को 31 रन से हराकर प्रतिष्ठित 51वें ऑल इंडिया गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया.**

दिल्ली के प्रमुख क्रिकेट टूर्नामेंटों में शुमार इस प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 320 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. टीम की ओर से अनमोल शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 42 गेंदों में 110 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 11 छक्के शामिल रहे.

> 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एल.बी. शास्त्री कोचिंग सेंटर ने भी जोरदार संघर्ष किया और 20 ओवरों में 289 रन बनाए, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रही. नमन तिवारी ने 36 गेंदों पर 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 7 छक्के शामिल थे. वहीं सोम्बीर श्योकंद ने 58 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया. हालांकि उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद टीम जीत हासिल नहीं कर सकी.

---

## महक नरवासे उपकप्तान नियुक्त

### भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम

**राजनांदगांव, 11 जून. छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की युवा क्रिकेटर महक नरवासे को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है.**

जिले की कोरिनभाठा निवासी महक ने अपने खेल कौशल और लगातार प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है. वह पिछले आठ वर्षों से कोच मनोज तिवारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं. इस दौरान उन्होंने पुरुष खिलाड़ियों के साथ नेट प्रैक्टिस कर अपने खेल को और अधिक निखारा.



**महक का क्रिकेट सफर**

सबेरा कप और शाला स्तरीय प्रतियोगिताओं से शुरू हुआ था. इसके बाद उन्होंने विभिन्न स्तरों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाई. बीसीसीआई अंडर-19 इंडिया कैंप में भी उन्होंने अपने खेल और नेतृत्व क्षमता से चयनकर्ताओं एवं विशेषज्ञों को प्रभावित किया था.

> महक की सफलता में उनकी शिक्षिका मां की प्रेरणा, परिवार के अटूट विश्वास तथा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. महक की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.

---

### बाल भवन क्रिकेट अकादमी सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली.** बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए एसेक्स फार्म को 6 विकेट से पराजित कर प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. दिल्ली के प्रमुख क्रिकेट टूर्नामेंटों में शुमार इस प्रतियोगिता में बाल भवन की टीम ने हर विभाग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए एसेक्स फार्म ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 237 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. कप्तान कृष यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों में नाबाद 127 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 8 छक्के शामिल थे. अंकित कुमार ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया.

---

**डीएलएस** बारिश के कारण अफगानिस्तान ए को डीएलएस नियम के तहत 4 रनों से विजेता घोषित किया

## वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ए की रोमांचक जीत

**दांबुला, 11 जून. प्रभसिमरन सिंह (86), ऋतुराज गायकवाड़ (66) और कप्तान तिलक वर्मा (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ए ने गुरुवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे वर्षा बाधित मुकाबले में अफगानिस्तान ए को जीत के लिए 350 रनों का लक्ष्य दिया.**

लेकिन जब अफगानिस्तान ने 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बना लिए थे कि तभी बारिश आने के कारण खेल रोक देना पड़ा. इसके बाद खेल संभव नहीं हो पाया और तब तक अफगानिस्तान ए डीएलएस पार स्कोर से तीन रन आगे था, इसलिए अफगान टीम को डीएलएस पद्धति के तहत चार रन से विजेता घोषित किया गया.

कप्तान इमरान ने नाबाद 75 और बाहिर शाह ने नाबाद 51 रन बनाकर अफगान टीम को लक्ष्य की होड़ में आगे रखा. इमरान को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया.



इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिरमन सिंह और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी 74रन जोड़कर भारत ए को अच्छी शुरुआत दिलाई. अब्दुल्लाह अहमदजई ने वैभव सूर्यवंशी को आउट कर अफगानिस्तान ए को पहली सफलता दिलाई. वैभव सूर्यवंशी ने 22 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 44 रनों की पारी खेली. 10वें ओवर में अहमदजई ने प्रियांश आर्य (आठ) रन को आउट कर भारत ए को दूसरा झटका दिया.

> इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने प्रभसिमरन सिंह के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 जोड़े. 22वें ओवर में इमरान ने शतक की ओर बढ़ रहे प्रभसिमरन सिंह को आउट कर पवेलियन भेज दिया. प्रभसिमरन सिंह ने 69 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 86 रनों की पारी खेली. 38वें ओवर में फरमानउल्लाह साफी ने अर्धशतक पूरा कर चुके ऋतुराज गायकवाड़ को अपना शिकार बना लिया. ऋतुराज गायकवाड़ ने 80 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (66) रन बनाये.

---

## बांग्लादेश की टेस्ट टीम में ह्रदय शामिल

### ऑस्ट्रेलिया टी 20 के लिए तीन तेज गेंदबाजों की वापसी

**ढाका, 11 जून बंगलादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ तीन मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए तस्कीन अहमद, नाहिद राणा और मुस्तफ़िज़ुर रहमान को टीम में वापस बुलाया है. यह सीरीज़ ऑस्ट्रेलिया के दौरे के मौजूदा वनडे चरण के खत्म होने के बाद चटगांव में खेली जाएगी.**

वहीं, तौहीद ह्रदय को टेस्ट टीम में भी जगह मिली है. उन्हें हरारे में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए बंगलादेश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है. यह टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ टी20 सीरीज़ के बाद खेला जाएगा. टीम में बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले तेज़ गेंदबाज़ रोबिउल हक को भी शामिल किया गया है.



मुख्य चयनकर्ता हबीबुल बशर ने यह भी पुष्टि की कि ह्रदोय टी20 टीम में लिटन कुमार दास के साथ उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे. इससे पहले सैफ हसन ने अपने खेल पर ध्यान देने के लिए यह पद छोड़ दिया था.

अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों की तिकड़ी की टी20 टीम में वापसी हुई है, लेकिन तंज़िम हसन शाकिब, रिपन मोंडोल और मोहम्मद सैफुद्दीन को टीम से बाहर कर दिया गया है. ये तीनों खिलाड़ी न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ टीम का हिस्सा थे.